Need to declare Azamgarh district in Uttar Pradesh as drought-hit and redress the grievances of farmers of Lalganj Parliamentary Constituency-Laid

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): मेरे जनपद आज़मगढ़ में इस वर्ष वर्षा कम होने के कारण आज़मगढ़ को सूखा ग्रस्त घोषित किया जाए और नहरों में पानी औसतन कम छोड़ा गया है, उसे मांग अनुसार छोड़ा जाए ताकि धान की बोआई में कमी को पूरा किया जा सके । बिजली की कटौती भी अधिक हो रही है । 19-20 घंटे आपूर्ति बहाल की जाए और ट्रांसफार्मर भी काफ़ी संख्या में भी जल रहे है, जो 10-15 दिन बाद बदले जाते हैं, उसे 24 घंटे के अंदर तत्काल लगा दिया जाए और आवश्यकता अनुसार क्षमता वृद्धि भी कर दी जाए । इसके अलावा किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 4000 रूपए कर दिया जाए । इसके साथ ही जनपद आज़मगढ़ में मंदूरी हवाई अड्डे के विस्तारीकरण में किसान भूमि अधिग्रहण के विरोध में कई महीनों से आन्दोलरत है । मेरी माँग है कि शासन-प्रशासन तथा किसानों से वार्ता कर उनकी यथा उचित मांगो को स्वीकार किया जाए । मेरे संसदीय क्षेत्र लालगंज के विधानसभा फूलपुर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है । किसान उससे आंदोलित है क्योंकि उनको किसानों की ज़मीन का उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है । मेरी सरकार से माँग है कि उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करके किसानों से वार्ता कर किसानों की माँग के अनुसार उचित मुआवज़ा दिया जाए ।